
आचरण
# सागर शहर
सागर, शनिवार, 06 अगस्त 2022 2



## ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020'' पर निबंध प्रतियोगिता''

सागर, आचरण। शास. स्व. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ व म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में '' राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के द्वारा किया गया। डॉ. इला तिवारी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020'' पर छात्राओं को विभिन्न प्रकार के दिशा निर्देश प्रदान किए। विवेकानंद कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने छात्राओं इस विषय से संबंधित मार्गदर्शन देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति द्वारा बुनियादी साक्षरता एवं आत्मनिर्भरता की दक्षता का विकास होता है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. रेणुबाला शर्मा, डॉ. एन. एस ठाकुर, डॉ. सुनीता सिंह व डॉ. ए. एच. अंसारी ने निभाई। प्रतियोगिता में 48 छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम में डॉ. राजकुमार अहिरवार, डॉ. दीपा खटीक, डॉ. हरिओम सोनी व डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी का विशेष सहयोगा रहा।

नव भारत

सागर जिला

भोपाल, मंगलवार, 9 अगस्त, 2022

# एक्सीलेंस गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं को दिया प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**

**सागर 8 अगस्त. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव, स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना एवं एनसीसी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.**

विवेकानंद केरियर योजना अंतर्गत रक्षाबंधन त्यौहार एवं स्वतंत्रता दिवस पर राखी मेला एवं स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित समाचार पत्र, शहीदों के चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि अगस्त माह का अपना अलग मूल्य है जब राष्ट्रीय एवं सामाजिक, धार्मिक पर्वों का उल्लास होता है. विभिन्न पर्व साम्प्रदायिक सौहार्द स्थापित कर उत्साह का वातावरण निर्मित कर आपस में जोड़ते हैं. स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि रोजगारोन्मुखी योजनांतर्गत छात्राओं को राखी निर्माण एवं भगवान की ड्रेस बनाने का प्रशिक्षण दिया गया. कजली जैन ने राखी निर्माण एवं सुनीता मिश्रा ने भगवान की ड्रेस बनाने का प्रशिक्षण दिया. डॉ. अंशु सोनी ने छात्राओं को 13 अगस्त को आयोजित हर घर तिरंगा रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की. आजादी का अमृत महोत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि यह वो अवसर जब आप अपने देशप्रेम को समाज के समक्ष रैली में शामिल होकर दिखा एवं जता सकते हैं.

इस अवसर पर डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. दीपा खटीक, डॉ. अंशु सोनी, डॉ. सरिता जैन, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ. मनीष जैन, डॉ. सिम्मी मोदी, डॉ. श्वेता ओझा, डॉ. शीतांशु राजोरिया, दिनेश पांडेय, शैलेन्द्र पटैल उपस्थित रहे.

# आजादी के अमृत महोत्सव में हुए संयुक्त आयोजन

सागर, आचरण संवाददाता।

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में आजादी के अमृत महोत्सव, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं एन.सी.सी. के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विवेकानंद कैरियर योजना अंतर्गत रक्षाबंधन त्योहार एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राखी मेला एवं स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित समाचार पत्र, शहीदों के चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। ये आयोजन सत्यम कला एवं संस्कृति के संस्थापक दामोदर अग्निहोत्री द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि अगस्त माह का अपना अलग मूल्य है जब राष्ट्रीय एवं सामाजिक, धार्मिक पर्वो का उल्लास होता है। विभिन्न पर्व साम्प्रदायिक सौहार्द स्थापित कर उत्साह का वातावरण निर्मित कर आपस में जोड़ते हैं। स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि रोजगारोन्मुखी योजनांतर्गत छात्राओं को राखी निर्माण एवं भगवान की ड्रेस बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

श्रीमती कजली जैन ने राखी निर्माण एवं श्रीमती सुनीता मिश्रा ने भगवान की ड्रेस बनाने का प्रशिक्षण दिया तथा बनायी गई सामग्री का विक्रय का अवसर प्रदान किया गया ताकि छात्रायें महाविद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ आत्मनिर्भर



बन सकें। एन.सी.सी. एवं आजादी के अमृत महोत्सव के द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के पूर्वाभ्यास में छात्राओं ने तिरंगा के साथ मानव श्रृंखला का निर्माण किया एवं आजादी तथा भारत माता की जय का उद्घोष किया। वन्दे मातरम एवं तिरंगा हाथ में लेकर देश के प्रति ईमानदारी एवं पूर्ण भाव रखते हुये अपना कर्तव्य निर्वहन करने की शपथ ली। डॉ. अंशु सोनी ने छात्राओं को 13/08/2022 को आयोजित हर घर तिरंगा रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। आजादी का अमृत महोत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि यह वो अवसर जब आप अपने देशप्रेम को समाज के समक्ष रैली में शामिल होकर दिखा एवं जता सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. दीपा खटीक, डॉ. अंशु सोनी, डॉ. सरिता जैन, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ. मनीष जैन, डॉ. सिम्मी मोदी, डॉ. श्वेता ओझा, डॉ. शीतांशु राजोरिया, श्री दिनेश पाण्डेय एवं शैलेन्द्र पटैल सहित छात्रायें उपस्थित रहीं।

# छात्राओं ने राखी, भगवान की ड्रेस बनाना सीखा, स्वतंत्रता आंदोलन और शहीदों के चित्रों की प्रदर्शनी भी देखी

## आजादी का अमृत महोत्सव : गर्ल्स कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम हुए

भास्कर संवाददाता | सागर

गर्ल्स कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव में स्वामी विवेकानंद कॅरिअर मार्गदर्शन योजना एवं एनसीसी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए गए। विवेकानंद कॅरिअर योजना अंतर्गत रक्षाबंधन त्योहार एवं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राखी मेला एवं स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित समाचार पत्र, शहीदों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। यह आयोजन सत्यम कला एवं संस्कृति के संस्थापक दामोदर अग्निहोत्री द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा अगस्त माह का अपना अलग मूल्य है। इसमें राष्ट्रीय, सामाजिक, धार्मिक पर्वों का उल्लास होता है। विभिन्न पर्व सांप्रदायिक सौहार्द स्थापित कर उत्साह का वातावरण निर्मित कर आपस में जोड़ते हैं। स्वामी विवेकानंद कॅरिअर मार्गदर्शन योजना प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा रोजगारोन्मुखी योजनांतर्गत छात्राओं को राखी निर्माण एवं भगवान की ड्रेस बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कजली जैन ने राखी निर्माण एवं सुनीता मिश्रा ने भगवान की ड्रेस बनाने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही बनाई गई सामग्री बेचने का अवसर भी मिला। ताकि छात्राएं महाविद्यालय में अध्ययन के साथ आत्मनिर्भर बन सकें। एनसीसी एवं आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के पूर्वाभ्यास में छात्राओं ने तिरंगा के साथ मानव श्रृंखला का निर्माण किया। सभी ने तिरंगा हाथ में लेकर देश के प्रति ईमानदारी एवं पूर्ण भाव रखते हुए अपना कर्तव्य निवर्हन करने की शपथ ली। डॉ. अंशु सोनी ने छात्राओं से 13 अगस्त को होने वाली हर घर तिरंगा रैली में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। कॉलेज में आजादी का अमृत महोत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा यह वो अवसर है जब आप अपने देशप्रेम को समाज के समक्ष रैली में शामिल होकर दिखा एवं जता सकते हैं।



सागर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गर्ल्स कॉलेज में विभिन्न कार्यक्रम हुए।

आचरण

सागर, शनिवार, 03 सितम्बर 2022 2

# सागर शहर

## स्वरोजगार हेतु विभिन्न क्षेत्रों में प्रदर्शन कार्यक्रम

सागर, आचरण। शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के संरक्षण में ईको फ्रेन्डली गणेश प्रतिमा, फाइन आर्ट्स, वेस्ट मटेरियल द्वारा विभिन्न वस्तु निर्माण हेतु 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा, इको फ्रेन्डली पेन-होल्डर, की-होल्डर तथा फाईन आर्टस के द्वारा गांधीजी, श्रीकृष्ण के चित्र बनाना सीखा। पेपर से फ्लावर पॉट, पेन होल्डर तथा घर बनाना छात्राओं ने विशेष रूचि के साथ सीखा।



स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने स्वरोजगार हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। फाइन आर्ट्स प्रशिक्षण की संयोजक डॉ. अजंना चर्तुवेदी ने वेस्ट-मटेरियल की संयोजक डॉ. दीपा खटीक तथा ईको फ्रेन्डली-गणेश निर्माण की प्रशिक्षण की संयोजक डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी के निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिता कनोजिया, अभिषेक विश्वकर्मा तथा असरार अहमद के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

सागर जिला
भोपाल, मंगलवार 6 सितंबर, 2022
नव भारत



## ज्ञान अथवा शिक्षा गुरू के बिना संभव नहीं

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षक टीआर त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी युग में ज्ञान अथवा शिक्षा गुरू के बिना संभव नहीं है, शिक्षा अथवा ज्ञान विद्या की सार्थकता सत्य, तप, निष्ठा, ईमानदारी जैसे नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाती है. प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा शिक्षा व्यक्ति के व्यक्तित्व को परिष्कृत करती है, विद्यार्थी जीवन का अनुशासन जीवन निर्माण में सहायक होता है. कार्यक्रम में डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. एएच अंसारी, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. सरिता जैन, डॉ अंजना चतुर्वेदी, डॉ. शक्ति जैन, डॉ. नरेन्द्र ठाकुर, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ. राजकुमार अहिरवार आदि उपस्थित थे. संचालन शुभांजली रैकवार ने किया तथा आभार डॉ. प्रतिमा खरे ने माना.

सागर शहर

आचरण

सागर, बुधवार, 14 सितंबर 2022 । 3

# महाविद्यालय की छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

आचरण संवाददाता।

**सागर।** सोमवार को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्चशिक्षा भोपाल द्वारा प्रायोजित औद्योगिक भ्रमण शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर की छात्राओं द्वारा किया गया। जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉण् सुनील श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व अपनी शुभकामनायें प्रेषित की।

स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी व भ्रमण समन्वयक डॉ.प्रतिमा खरे के निर्देशन में ईसुरवारा स्थित पुट्ठा मिल व खुरई क्षेत्र के कृषि उपकरण निर्माण से संबंधित स्थानों का छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण में अन्तिम वर्ष की बायोटेक्नोलॉजी व फिजिक्स की 60 छात्राओं ने सहसमन्वयक डॉ.सुनीता सिंह एवं डॉ.दीपा खटीक के मार्गदर्शन में अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की। संबंधित मिल के डायरेक्टर प्राशुख जैन व मैनेज़र




जगदीश पटेल ने स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के सदस्यों व महाविद्यालय के भ्रमण में सहयोगी स्टाफ व छात्राओं के दल का स्वागत किया और उपकरणों व पुट्ठा निर्माण की पूर्ण प्रकिया से अवगत कराया गया। इस प्रकिया के अनुसार भूसे को प्लांट में डालकर पर्याप्त ताप एवं दाब पर पल्प तैयार किया जाता है। इसके पश्चात् दूसरे बड़े प्लांट मंद पाइप के द्वारा भेजकर उसकी लुग्दी बनाई जाती है। फिर अगले चरण में लुग्दी का वाष्पीकरण करके उसे गत्ता बनाने वाले प्लांट में डाला जाता है। फिर इसे सुखाकर आवश्यकतानुसार आकार व मोटाई में बड़े.बड़े कटर काटा जाता है। इस प्रकिया को छात्राओं ने अत्यंत मनोयोग से सीखा तथा स्वरोजगार के क्षेत्र में अपने कदमों को आगे किया । उन्होंने फैक्ट्री के रूल्स .रेगुलेशन तथा कर्मचारी सुरक्षा तथा रोजगार की संभावनाओं के बारे में छात्राओं को जानकारी प्रदान की। रिफ्रेसमेंट के पश्चात छात्राओं ने कृषि उपकरण निर्माण क्षेत्र का भ्रमण किया। क्षेत्र के भौगोलिक व ऐतिहासिक अध्ययन की जानकारी स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने उपलब्ध कराई जिसमें रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें।

उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्राओं को राजगार के दिशा में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे। इस भ्रमण में डॉ. सिद्धार्थ सिंहए डॉ.मनीष जैन, डॉ.आशीष रैकवार, कु.शिखा कोष्टी एवं कु. समरा खाना का विशेष सहयोग रहा एवं नीलेश सेन एवं रोहित मिश्रा ने इस भ्रमण को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नवभारत
भोपाल, बुधवार 14 सितंबर, 2022



# औद्योगिक भ्रमण कराया गया

नवभारत न्यूज

सागर 13 सितंबर. स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्चशिक्षा भोपाल द्वारा प्रायोजित औद्योगिक भ्रमण शासकीय कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा किया गया.

प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी व भ्रमण समन्वयक डॉ. प्रतिमा खरे के निर्देशन में ईसुरवारा स्थित पुट्ठा मिल व खुरई क्षेत्र के कृषि उपकरण निर्माण से संबंधित स्थानों का छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण किया. भ्रमण में अन्तिम वर्ष की बायोटेक्नोलॉजी व फिजिक्स की 60 छात्राओं ने सहसमन्वयक डॉ. सुनीता सिंह एवं डॉ. दीपा खटीक के मार्गदर्शन में सहभागिता की. संबंधित मिल के डायरेक्टर प्रासुख जैन व मैनेजर जगदीश पटेल ने उपकरणों व पुट्ठा निर्माण की पूर्ण प्रकिया से अवगत कराया गया. इस प्रकिया के अनुसार भूसे को प्लांट में डालकर पर्याप्त ताप एवं दाब पर पल्प तैयार किया जाता है, दूसरे बड़े प्लांट में पाइप के द्वारा भेजकर उसकी लुग्दी बनाते.

पत्रिका सिटी कम्युनिटी & CULTURE कल्चर 04 पत्रिका patrika.com
patrika.com CITY COMMUNITY
सागर, गुरुवार, 15 सितंबर 2022

# छात्राओं ने जाना कैसे बनते हैं पुट्ठे

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**सागर.** गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने बुधवार को औद्योगिक भ्रमण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी व भ्रमण समन्वयक डॉ. प्रतिमा खरे के निर्देशन में ईसुरवारा स्थित पुटठा मिल व खुरई क्षेत्र के कृषि उपकरण निर्माण से संबंधित स्थानों का छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण किया। भ्रमण में अंतिम वर्ष की बायोटेक्नोलॉजी व फिजिक्स की छात्राओं के साथ सह समन्वयक डॉ. सुनीता सिंह और डॉ. दीपा खटीक मौजूद थी।

मिल के डायरेक्टर प्राशुख जैन व मैनेजर जगदीश पटेल ने स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ के सदस्यों व महाविद्यालय के भ्रमण में सहयोगी स्टॉफ व छात्राओं के दल का स्वागत किया और उपकरणों व निर्माण की पूर्ण प्रकिया से अवगत कराया गया। क्षेत्र के भौगोलिक व ऐतिहासिक अध्ययन की जानकारी डॉ. प्रतिमा खरे ने उपलब्ध कराई, जिसमें रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण छात्राओं को रोजगार के दिशा में अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे।

पत्रिका सिटी कम्युनिटी
patrika.com CITY COMMUNITY
02 पत्रिका patrika.com
सागर, शनिवार, 24 सितंबर 2022

# 'स्वरोजगार से जुड़कर बनें आत्मनिर्भर'

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**सागर**. गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। इसमें ब्यूटीपार्लर, गणेश निर्माण, पाइन मटेरियल आर्टस, क्राफ्ट एवं इकोफ्रेंडली आइटम, अचार, सॉस, जैम, जेली आदि निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया था। समापन्न अवसर पर मुख्य अतिथि अनुश्री जैन रही। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ईला तिवारी ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा के निर्देशन में आयोजित हुआ।

इस मौके पर मुख्य अतिथि अनुश्री ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं को आगे आना होगा और अपनी छिपी प्रतिभा को उजागर कर स्वरोजगार से जोड़कर खुद को आर्थिक मजबूत करना होगा।



कार्यक्रम में प्रमाण पत्र वितरित करते अतिथि।

प्राचार्य डॉ. ईला तिवारी ने कहा कि छात्राओं को अपनी सभी समस्याओं के बीच अपनी प्रतिभा को पहचानना होगा ताकि अपने भविष्य को सुरक्षित रख सकें। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि छात्राओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक होना पड़ेगा, जिससे वो आत्मनिर्भर बन सकें। प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. दीपा खटीक ने कहा कि कार्यक्रम में छात्राओं की लग्न व रूचि प्रशंसनीय रही। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समन्वयक डॉ. रेनूबाला शर्मा, डॉ. दीपा खटीक, डॉ. अश्वनी सूर्यवंशी, डॉ. अजंना चतुर्वेदी, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. सुनीता सिंह आदि की भूमिका रही।

# सागर शहर

आचरण

सागर, शनिवार, 24 सितम्बर 2022 3


आयोजन

### अल्प अवधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण समापन

# छात्रायें स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें



**सागर, आचरण संवाददाता।** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में स्वामी विवेकानन्द मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के योजना क्रंमाक 6915 के अन्तर्गत चलने वाली 6 दिवसीय अल्प अवधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसमें ब्यूटी पार्लर, इकोफ्रेंडली गणेश निर्माण, फाइन आर्टस, वेस्ट मटेरियल आर्टस, क्राफ्ट एवं इकोफ्रेंडली आइटम, अचार, सॉस, जेम, जेली व ड्रामा एवं लोकनृत्य का समापन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अनुश्री शैलेन्द्र जैन रही। अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वामीविवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे के निर्देशन में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने उदबोधन में कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं को आगे आना होगा और अपनी छुपी प्रतिभा को उजागर कर स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक तंत्र को मजबूत कर अपना योगदान देना होगा। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्रचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि छात्राओं को अपनी सभी समस्याओं के बीच अपनी प्रतिभा को पहचानना होगा ताकि अपने भविष्य को सुरक्षित रख सकें। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने संचालन करते हुये प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी तथा कहा कि छात्राओं को स्वरोजगार के प्रति जागरूक होना पड़ेगा, जिससे वो आत्मनिर्भर बन सकें। प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. दीपा खटीक ने कहा कि कार्यक्रम में छात्राओं की लगन व रूचि प्रशंसनीय रही। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समन्वयक डॉ. रेनूबाला शर्मा, डॉ. दीपा खटीक, डॉ. अश्वनी सूर्यवंशी, डॉ. अजंना चतुर्वेदी, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. सुनीता सिंह व हरिओम सोनी रहे। तथा प्रशिक्षक की भूमिका अभिषेक विश्वकर्मा, कजली जैन, नीतू शाह, नीता कन्नौजिया, असरार अहमद, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, रोहित रजक व सलमा खान ने निभाई। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं ने मिट्टी के गणेश, हाथी, ग्लास पेंटिग, पेपर द्वारा फ्लॉवर पॉट, की होल्डर, घडी केस, फोटोफ्रेम आदि बनाये। आभार डॉ. अश्वनी ने माना कार्यक्रम में महाविद्यालयीन स्टॉफ तथा छात्रायें उपस्थित रही।

सागर जिला

नव भारत

भोपाल, शनिवार, 24 सितंबर, 2022

# स्वरोजगारमुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

सागर 23 सितंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ.

मुख्य अतिथि अनुश्री शैलेन्द्र जैन रही. अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने की. प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वामीविवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे के निर्देशन में आयोजित हुआ. मुख्य अतिथि ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं को आगे आना होगा और अपनी छुपी प्रतिभा को उजागर कर स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक तंत्र को मजबूत कर अपना योगदान देना होगा. प्रचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि छात्राओं को अपनी सभी समस्याओं के बीच अपनी प्रतिभा को पहचानना होगा. प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने संचालन किया. प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. दीपा खटीक ने कहा कि छात्राओं की लग्न व रूचि प्रशंसनीय रही. प्रशिक्षण कार्यक्रमों में समन्वयक डॉ. रेनूबाला शर्मा, डॉ. दीपा खटीक, डॉ. अश्वनी सूर्यवंशी, डॉ. अजंना चतुर्वेदी, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. सुनीता सिंह व हरिओम सोनी रहे. प्रशिक्षक की भूमिका अभिषेक विश्वकर्मा, कजली जैन, नीतू शाह, नीता कन्नौजिया, असरार अहमद, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया थे.



# शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया



सागर, आचरण। 14 अक्टूबर को शासकीय स्वशासी कन्या महाविद्यालय सागर के वनस्पति शास्त्र विभाग की छात्राओं के लिए विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिमा खरे द्वारा शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया जो की प्राचार्य डॉ. इल तिवारी द्वारा हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया गया। छात्राएँ डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र के बॉटनिकल गॉर्डन में पहुँची जहाँ पर वनस्पति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. दीपक व्यास द्वारा स्वयंम सभी प्रकार के पौधों जैसे- जिम्नोस्पर्म, टेरिडोफाइटा, ऐन्जियोस्पर्म, औषधी पौधे तथा कुछ विलुप्त पौधों तथा मरूदभिद् व जलेदभिद पौधों के औषधिय गुणों के बारे में जानकारी दी गई। विवि की समशीतोषण जलवायु होने के कारण कुछ दुर्लभ पौधों को संरक्षित किया गया है। जिसकी जानकारी भी डॉ. दीपक व्यास द्वारा छात्राओं को दी गई। जिनमें कल्पवृक्ष, फाइकस कृष्ठाई, स्टीविया, डाल्मियिा इंडिका आदि के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद छात्राओं को एफ.एस.एल (फॉरेंसिक सांइस लेबोरेटरी) ले जाया गया जहाँ उन्हें ए. के. बडोनिया एवं पंकज पाटिदार द्वारा छात्राओं को एफ.एस.एल के सातों डिविजन के बारे में जानकारी दी गई एवं एफ.एस.एल की उपयोगिता के बारे में बताया साथ ही डी.एन.ए लैब का भ्रमण कराते हुए छात्राओं डी.एन.ए, आसोलेशन, एमप्लिफिकेशन, डी.सी.आर इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया। इस शैक्षणिक भ्रमण में डॉ.सिम्मी मोदी, डॉ. सिद्धार्थ सिंह, डॉ.विकास त्रिपाठी, कु अमिता विश्वकर्मा एवं दरयाव सिंह राजपूत का विशेष सहयोग रहा।

आचरण
सागर शहर
सागर, शुक्रवार, 04 नवम्बर 2022 2

# तीसरे दिवस में मेले का आयोजन



सागर, आचरण। शासकीय स्वशासी उत्कृष्ट कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं कार्यक्रम आयोजक डॉ. सरिता जैन एवं स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय परिसर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं के द्वारा विभिन्न स्टाल लगायें गये। संस्था प्रमुख डॉ. इला तिवारी ने मेले का उद्घाटन कर समस्त दुकानों का अवलेकरन कर सराहना की और कहा कि इस प्रकार के छोटे छोटे आयोजनों से छात्राऐं स्वरोजगार के लिए अग्रसर होती है तथा इनसें आत्मबल बढ़ता है। डॉ. सरिता जैन ने कहा कि हम मध्यप्रदेश को आत्म निर्भर बनाने में इस प्रकार के आयोजनों के द्वारा छात्राऐं में आत्म विश्वास बढ़ता तथा रोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकती हैं। स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राएं इस प्रकार के आयोजनों में हमेशा बड़-चढ़कर भाग लेती है और लेती रहेगीं। इस अवसर पर कु. निदा खाने ने सूट का स्टाल, कु. निशिता जैन फुल्की का स्टाल, कु. काजल जैन ने हैण्डीक्राफ्ट राखी अहिरवार ने पेपर क्राफटिंग, कु. अनुश्री जैन ने ओषन आर्ट गैलरी, कु. भूमि यादव मेंहदी. के अलावा कई छात्राओं ने स्टाल लगायें। इस अवसर पर डॉ. रेनू वाला शर्मा, डॉ. पद्मा आचार्य, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अरविन्द्र ब्रोहरे, डॉ. ए.एच. अंसारी, डॉ. अंज़ना नेमा, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. रश्मि मलैय्या, डॉ. अंजना चतुर्वेदी एवं समस्त अतिथि विद्वान सहित समस्त स्टाप उपस्थित रहा। साथ ही बड़ी सख्यां में छात्राऐं उपस्थित रहीं।

सागर
दैनिक भास्कर
सागर, शुक्रवार 04 नवंबर, 2022 | 08

# छोटे आयोजनों से छात्राओं का आत्मबल बढ़ता है : तिवारी

भास्कर संवाददाता | सागर

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी एवं कार्यक्रम आयोजक डॉ. सरिता जैन एवं स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे के संयोजन में मेला लगाया गया। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न स्टाल लगाए। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने मेले का उद्घाटन कर सभी स्टाल देखे और सराहना की। उन्होंने कहा इस प्रकार के छोटे- छोटे आयोजनों से छात्राएं स्वरोजगार के लिए अग्रसर होती हैं और उनका आत्मबल बढ़ता है। डॉ. सरिता जैन ने कहा मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में इस प्रकार के आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका साबित हो सकती है। स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन कॅरियर प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा महाविद्यालय की छात्राएं इस प्रकार के आयोजनों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं और लेती रहेंगी। निदा खान ने सूट, निशिता जैन ने फुल्की, काजल जैन ने हैंडीक्राफ्ट, राखी अहिरवार ने पेपर क्राफटिंग, अनुश्री जैन ने ओपन आर्ट गैलरी, भूमि यादव ने मेंहदी के स्टाल लगाए। इस मौके पर डॉ. रेणुबाला शर्मा, डॉ. पद्मा आचार्य, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. अरविंद बोहरे, डॉ. एएच अंसारी, डॉ. अंजना नेमा, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. रश्मि मलैया, डॉ. अंजना चतुर्वेदी आदि मौजूद थीं।

नव भारत

भोपाल, शुक्रवार, 4 नवम्बर, 2022

# कॉलेज में मेले का आयोजन



नवभारत न्यूज

सागर 3 नवम्बर. शासकीय स्वशासी उत्कृष्ट कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रासेयो प्रभारी एवं कार्यक्रम आयोजक डॉ. सरिता जैन एवं स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन कॅरियर प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे के संयुक्त तत्वाधान में मेले का आयोजन किया गया. जिसमें छात्राओं के द्वारा विभिन्न स्टाल लगायें गये.

संस्था प्रमुख डॉ. इला तिवारी ने मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रकार के छोटे-छोटे आयोजनों से छात्राऐं स्वरोजगार के लिए अग्रसर होती है तथा इनसें आत्मबल बढ़ता है. इस अवसर पर निदा खाने ने सूट का स्टाल, निशिता जैन फुल्की का स्टाल, काजल जैन ने हैण्डीक्राफ्ट राखी अहिरवार ने पेपर क्राफटिंग, अनुश्री जैन ने ओपन आर्ट गैलरी, भूमि यादव मेंहदी, के अलावा कई छात्राओं ने स्टाल लगायें.

सागर जिला

नव भारत

भोपाल, शुक्रवार, 11 नवम्बर 2022

एक नजर में




# गर्ल्स कॉलेज में कैरियर मार्गदर्शन पर व्याख्यान

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में डॉ. आलोक सिंह ठाकुर के द्वारा छात्राओं को कैरियर निर्धारण में लक्ष्य के महत्व पर व्याख्यान दिया. प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि छात्राओं को अपने कैरियर के प्रति सजग एवं प्रयत्नशील रहे. स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि छात्राओं के रोजगार एवं ज्ञानवर्धन हेतु एक प्रश्नमंच का आयोजन किया जायेगा जिसमें 30 प्रश्न होगें एवं विजेजाओं को पुरुस्कृत किया जायेगा. प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. दीपा खटीक ने संचालन किया. इस अवसर पर डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. हरिओम सोनी आदि मौजूद रहे.

आचरण सागर शहर सागर, शुक्रवार, 11

# 'कैरियर निर्धारण में लक्ष्य की भूमिका''



सागर, आचरण। गुरूवार को शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में कौटिल्य अकादमी के संचालन डॉ. आलोक सिंह ठाकुर के द्वारा छात्राओं को कैरियर निर्धारण में लक्ष्य के महत्व पर अपना व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम छात्राओं को अपने लक्ष्य का निर्धारण निधारित समय सीमा में कर लेना चाहिए और उसी के अनुसार उन्हें कैरियर का चुनाव करना चाहिये। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रायें अपने कैरियर के प्रति सजग एवं प्रयत्नशील रहें। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने इस विषय पर प्रकाश डालते हुये कहा कि कौटिल्य अकादमी के द्वारा छात्राओं के रोजगार एवं ज्ञानवर्धन हेतु एक प्रश्नमंच का आयोजन किया जायेगा जिसमें 30 प्रश्न होंगे एवं विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को क्रमशः 3100/-, 2100/-, 1100/- रूपये की धनराशि से पुरस्कृत किया जायेगा। जिसका विषय ''महिलाओं के अधिकार एवं उनके लिये सहकारी योजना से रहेगा। प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. दीपा खटीक ने कार्यक्रम का संचालन करते हुये बताया किय छात्राओं को सदैव स्वामी विवेकानंद द्वारा दी गई सूक्तियों का अनुकरण करना चाहिये। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी ने आगामी क्विज की तैयारी हेतु टिप्स दिये।

पत्रिका
सागर, रविवार, 20 नवंबर, 2022
SUNDAY 02
patrika.com

# गोल्डी जैन ने पाया पहला स्थान

**सागर @पत्रिका.** गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ और कौटिल्य एकाडमी द्वारा महिलाओं के अधिकार एवं सरकारी नौकरी विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय की 150 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने छात्राओं को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं आप में ज्ञानार्जन तथा भविष्य में कॅरियर के लिए सहायक होगी। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कौटिल्य एकाडमी व द्रोणाचार्य एकाडमी के बारे में जानकारी दी। कौटिल्य अकादमी के डायरेक्टर डॉ. आलोक सिंह ठाकुर ने छात्राओं को अपनी रुचि के अनुरूप सर्वप्रथम कॅरियर के निर्धारण के लिए लक्ष्य बनाकर तैयारी करना चाहिए। निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में डॉ. रेनूबाला शर्मा, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. एच.एस. अंसारी मौजूद रहे। मंच संचालन डॉ. दीपा खटीक ने किया। क्विज प्रतियोगिता में पहले स्थान पर गोल्डी जैन, दूसरे स्थान पर नेहा दांगी और तीसरे स्थान पर निशा दुबे रहीं, जिन्हें पुरस्कृत किया गया।

पत्रिका सिटी कम्युनिटी & कल्चर
CITY COMMUNITY
patrika.com
पत्रिका patrika.com
सागर, गुरुवार, 01 दिसंबर 2022

# एक्सीलेंस कॉलेज कॅरियर प्लेसमेंट ड्राइव से मिला 7 छात्राओं को रोजगार



सागर. कॅरियर प्लेसमेंट ड्राइव से मिला 7 छात्राओं को रोजगार।

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**सागर.** एक्सीलेंस कॉलेज में बुधवार को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से विभिन्न कम्पनियों के द्वारा कॅरियर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। साथ ही द्रोणाचार्य अकादमी भोपाल द्वारा क्विज भी आयोजित की गई।प्लेसमेंट ड्राइव में 6 कम्पनियों ने सहभागिता की। प्लेसमेंट ड्राइव में 7 छात्राओं का चयन किया गया और 400 छात्राओं के पंजीयान करवाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि पढ़ाई की अंतिम सीढ़ी रोजगार प्राप्त करना है। ऐसे कार्यक्रमों से जागरूक होकर अपने भविष्य का निर्धारण करें। विवेकानंद प्रकोष्ट प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने ड्राइव में आई कम्पनियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। सह-सयोजक डॉ अश्विनी सूर्यवंशी ने कहा कि शासकीय एवं अशासकीय दोनों ही नौकरियां अपने स्थान पर महत्वपूर्ण है। छात्राएं दोनों क्षेत्रों में अपने भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर सकती हैं। डॉ. हरिओम सोनी ने प्लेसमेंट ड्राइव में सहभागिता करने वाली छात्राओं के पंजीयन का कार्य संभाला। कार्यक्रम में डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. एसके गुप्ता एवं डॉ. अरविंद बोहरे सहित अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे।

सागर जिला
नव भारत
भोपाल, गुरुवार, 1 दिसंबर, 2022

## एक नजर में



### कैरियर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से विभिन्न कम्पनियों के द्वारा कॅरियर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि पढ़ाई की अंतिम सीढ़ी रोजगार प्राप्त करना है. विवेकानंद प्रकोष्ट प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने ड्राइव में आई कम्पनियों की रूपरेखा प्रस्तुत की. संयोजक डॉ दीपा खटीक ने बताया कि यह भविष्य में होने वाले बड़े प्रक्रम का छोटा रूप है. इस अवसर पर डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. एसके गुप्ता, डॉ. अरविंद बोहरे, डॉ अश्विनी सूर्यवंशी, डॉ. हरिओम सोनी ने भी संबोधित किया. अनिरूध तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में चयनित प्रथम पांच छात्राओं को एकेडमी द्वारा नि:शुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी.

आयोजन

## शासकीय एवं अशासकीय दोनों ही नौकरियां अपने स्थान पर महत्वपूर्ण हैं

# कॅरियर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया

सागर, आचरण संवाददाता।

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में 30.11.2022 को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के माध्यम से विभिन्न कम्पनियों के द्वारा कॅरियर प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। साथ ही द्रोणाचार्य अकादमी भोपाल द्वारा क्विज भी आयोजित की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने ड्राइव का उद्घाटन करते हुये छात्राओं को रोजगार हेतु अग्रिम शुभकामनायें दी तथा छात्राओं को कहा कि पढ़ाई की अंतिम सीढ़ी रोजगार प्राप्त करना है अतः आप ऐसे कार्यक्रमों से जागरूक होकर अपने भविष्य का निर्धारण करें। विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने ड्राइव में आई कम्पनियों की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा छात्राओं को आत्मनिर्भर व स्वावलम्बी बनने हेतु भविष्य में कार्यक्रमों में आयोजन का अश्वासन दिया। इस



प्लेसमेंट ड्राइव को संयोजक डॉ दीपा खटीक ने बताया कि यह भविष्य में होने वाले बड़े प्रक्रम का छोटा रूप है। अतः समस्त छात्राएं इस छोटे रूप को आत्मसाथ करते हुए बड़े प्रक्रम में समाहित होने की ओर अपने कदम बढ़ाएं। प्लेसमेंट ड्राइव की सह-सयोजक डॉ अश्विनी सूर्यवंशी ने छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए शासकीय एवं अशासकीय साथ दोनों ही नौकरियां अपने स्थान पर महत्वपूर्ण है। छात्राएं दोनो क्षेत्रों में अपने भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर सकती हैं। डॉ. हरिओम सोनी ने प्लेसमेंट ड्राइव में सहभागिता करने वाली छात्राओं के पंजीयन का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य संभाला। इस प्लेसमेंट ड्राइव में 6 कम्पनियों ने सहभागिता की जिसमें मारूति, सुजुकी, ओकाया, बड़कुल सेल्स, सोनाटा फायनेंस, कौटिल्य एकेडमी सहित होन्डा एवं द्रोणाचार्य ऐकेडमी शामिल रहे। जिनके द्वारा 7 छात्राओं का चयन किया गया, सब कम्पनियों द्वारा लगभग 400 छात्राओं के पंजीयान करवाया गया। वही द्रोणाचार्य सिविल सर्विस ऐकेडमी द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में 150 छात्राओं ने सहभागिता की। द्रोणाचार्य सिविल सर्विस एकेडमी भोपाल से पधारे अनिरुद्ध तिवारी ने बताया की इस प्रतियोगिता में चयनित प्रथम पांच छात्राओं को एकेडमी द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। आभार प्रकोष्ठ सदस्य अश्विनी सूर्यवंशी द्वारा दिया गया। महाविद्यालय के डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. एस. के. गुप्ता, डॉ. अरविंद बोहरे सहित अधिक संख्या में छात्राऐं उपस्थित रहें।

दैनिक भास्कर सागर, मंगलवार, 06 दिसंबर, 2022

# चित्रकला अब सिर्फ शौक नहीं, इसमें रोजगार की बेहद संभावनाएं : असरार

भास्कर संवाददाता | सागर



रंग के साथी ग्रुप द्वारा शहर में युवाओं और छात्र-छात्राओं को चित्रकला में रोजगार के अवसर की जानकारी देने के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को गर्ल्स डिग्री कॉलेज में चित्रकला से रोजगार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं को इस क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। ग्रुप के असरार अहमद ने बताया कि चित्रकला अब सिर्फ शौक नहीं है बल्कि इसमें रोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। आपको सिर्फ अपनी प्रतिभा को पहचानना है। रंग के साथी की अंशिता बजाज वर्मा ने चित्रकला में होने वाले अलग-अलग कोर्स के बारे में बताया। साथ ही मध्यप्रदेश एवं देश के प्रमुख आर्ट संस्थाओं की जानकारी दी। ज्योति पाण्डेय ने रंग संस्था के बारे में विस्तार से बताया और संस्था की ओर से सहयोग की अपील की। स्वामी विवेकानन्द कॅरियर योजना की प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने छात्राओं को इस आयोजन से जुड़ने और अपने हुनर को पहचानने की अपील की। इस दौरान प्राचार्य डॉ. इला तिवारी, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. दीपा खटीक, अश्विनी सूर्यवंशी सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

02 पत्रिका patrika.com
सागर, मंगलवार, 06 दिसंबर 2022

# चित्रकला अब सिर्फ शौक नहीं है, बल्कि इसमें रोजगार की हैं अनेक सम्भावनाएं



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**सागर.** रंग के साथी ग्रुप द्वारा सागर नगर में युवाओं और छात्र-छात्राओं को चित्रकला में रोजगार के अवसर की जानकारी देने मोटिवेशनल प्रोग्राम किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को गर्ल्स डिग्री कॉलेज में चित्रकला से रोजगार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को इस क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। असरार अहमद ने बताया कि चित्रकला अब सिर्फ शौक नहीं है बल्कि इसमें रोजगार की अनेक सम्भावनाएं हैं। आपको सिर्फ अपनी प्रतिभा को पहचानना है। रंग के साथी की अंशिता बजाज वर्मा ने चित्रकला में होने वाले अलग अलग कोर्स के बारे में बताया। साथ ही मप्र एवं देश के प्रमुख आर्ट संस्थाओ की जानकारी दी। ज्योति पाण्डेय ने रंग संस्था के बारे में विस्तार से बताया और संस्था की ओर से सहयोग की अपील की। स्वामी विवेकानन्द कॅरियर योजना की प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने छात्राओं को इस आयोजन से जुडने और अपने हुनर को पहचानने की अपील की। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने रंग के साथी ग्रुप के मोटिवेशनल कार्यक्रम की सराहना की।

पत्रिका patrika.com
सागर, शुक्रवार, 13 जनवरी, 2023

सिटी अपडेट

## पोस्टर मेकिंग, निबंध और व्याख्यान माला का हुआ आयोजन



**सागर.** गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानन्द प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इसमें निबंध, पोस्टर मेकिंग व व्याख्यान माला स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निबंध में 45 व पोस्टर में 32 छात्राओं ने भाग लिया। 12 छात्राओं ने भाषण में भागीदारी की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की सीख दी। स्वामी विवेकानंद प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा स्वामी विवेकानंद हमारे प्रेरणा पुरूष है जिनका लक्ष्य था, उठो जागो और तब तक चलते रहो जब तक आपको अपने लक्ष्य की प्राप्ति न हो। इस अवसर पर डॉ. रेनूबाला शर्मा, डॉ. अंसारी, डॉ. सुनीता सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## स्वामी विवेकानंद से लें प्रेरणा

# मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना कार्यशाला का आयोजन



सागर, आचरण। शासकीय स्वशांसी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सागर द्वारा बुधवार को एक दिवसीय मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्रीमति मंदाकिनी पाण्डेय महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सागर द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य एवं अतिरिक्त संचालक उच्चशिक्षा विभाग डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा छात्राओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राओं को स्वरोजगार हेतु अनेक अवसर खुले हैं, वे अपनी रूचि के अनुसार स्वरोजगार का चयन कर सकती है और स्वयं को आत्मनिर्भर बना सकती है। आयोजक श्रीमति मंदाकिनी पाण्डेय ने छात्राओं को स्वरोजगार अपनाने हेतु प्रेरित किया तथा महेश पाल सहायक प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। संचालन करते हुए श्रीमति अश्विनी सूर्यवंशी ने छात्राओं को बढ़चढ़ कर कार्यशाला में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। आयोजन में डॉ. सुनीता सिंहा, डॉ सपना राजौरिया, श्रीमति नरगिस खान, सिद्धार्थ सिंह, डॉ. विकास त्रिपाठी एवं लगभग 500 छात्राएँ उपस्थित रही। डॉ. रजनी दुबे ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

दैनिक भास्कर, सागर, शनिवार, 4 मार्च, 2023

# कार्यशाला : छात्राओं को स्वरोजगार अपनाने प्रेरित किया



सागर| शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने किया। इसमें छात्राओं को उद्यमिता के लिए प्रेरित किया गया। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि छात्राओं को स्वरोजगार के लिए अनेक अवसर खुले हैं। वे अपनी रूचि के अनुसार स्वरोजगार का चयन कर सकती हैं और स्वयं को आत्मनिर्भर बना सकती हैं। आयोजक मंदाकिनी पाण्डेय ने छात्राओं को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। महेश पाल ने उद्योगों से संबंधित सभी प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. सुनीता सिन्हा, डॉ. सपना राजौरिया, नरगिस खान, सिद्धार्थ सिंह सहित छात्राएं मौजूद रही। संचालन अश्विनी सूर्यवंशी आभार डॉ. रजनी दुबे ने माना।

# सागर शहर



# कालेज में अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण शुरू

सागर, आचरण संवाददाता।




शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में 13 मार्च 2023 को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा योजना क्रमांक 7857 के अंतर्गत अल्पावधि रोजगारोन्मुखी 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (60 घण्टे) का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत हस्तशिल्प एवं बेकिंग दोनों का प्रशिक्षण चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अतिरिक्त संचालक उच्चशिक्षा सागर, डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्राएं शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें और अध्ययन अध्यापन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना भविष्य सुरक्षित करें। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने बताया कि हस्तशिल्प प्रशिक्षण सलमा खान और बेकिंग प्रशिक्षण श्रीमती कजली जैन द्वारा करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु डॉ. सुनीता सिंह को हस्तशिल्प का समन्वयक तथा डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी को बेकिंग का समन्वयक बनाया है। महाविद्यालय की छात्राएं स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण में आत्मनिर्भर बनने के लिए बढ़-चढ़कर भाग ले रहीं हैं।

# छात्राओं को मिल रहा बेकिंग प्रशिक्षण



सागर @ पत्रिका. एक्सीलेंस गर्ल्स कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा रोजगारोमुन्खी कार्यक्रम शुरू हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से छात्राएं शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। अध्यापन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर अपना भविष्य सुरक्षित करें। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने बताया कि हस्तशिल्प प्रशिक्षण सलमा खान और बेकिंग प्रशिक्षण कजली जैन द्वारा दिया रहा है। डॉ. सुनीता सिंह को हस्तशिल्प और डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी को बेकिंग का समन्वयक बनाया है।

सागर जिला
नवभारत
भोपाल, शनिवार 1 अप्रैल 2023

# रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित




नवभारत न्यूज

**सागर 31 मार्च. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ.**

15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेकरी आइटम की प्रशिक्षक कजली जैन व हस्तशिल्प आइटम की प्रशिक्षक सलमा खान तथा समन्वयक डॉ. सुनीता सिंह व डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी रही. मुख्य अतिथि निधि जैन ने कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं को आगे आना होगा. विशिष्ठ अतिथि मंदाकिनी पाण्डेय ने कहा कि हमे सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार स्थापित करना होगा. प्रो. नीरज दुबे ने स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की. प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी. प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि छात्राओं की अपनी समस्याओं के बीच अपनी प्रतिभा को पहचानना होगा ताकि उसे परिष्कृत कर अपना भविष्य बना सकें.

पत्रिका सिटी व्यू & रिव्यू REVIEW CITY VIEW patrika.com
04 पत्रिका patrika.com
सागर, शनिवार, 01 अप्रेल, 2023

# 'स्वरोजगार से आर्थिक तंत्र को सुदृढ़ करने में दे सकते हैं योगदान'



सागर@पत्रिका. एक्सीलेंस कॉलेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि समाजसेवी निधि जैन ने कहा कि स्वरोजगार ऐसा क्षेत्र है जिसमें घर बैठे हम अपने घर के आर्थिक तन्त्र को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दे सकते है। विशिष्ठ अतिथि मंदाकिनी पाण्डेय ने कहा कि हमें सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार स्थापित करना होगा, तभी हम आत्मनिर्भर बन सकेंगें। विशेष अतिथि नीरज दुबे ने स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेकरी का सामान कजली जैन व हस्तशिल्प का सामान सलमा खान ने बनाना सिखाया। समन्वयक डॉ. सुनीता सिंह व डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी रही। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कार्यक्रम की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. रेणुवाला शर्मा, पद्मा आचार्य, एनएस ठाकुर, एएच अंसारी, डॉ. शक्ति जैन, बिन्दु श्रीवास्तव, रजनी दुबे, सरिता जैन, रश्मि माथुर और अरविन्द बोहरे आदि मौजूद रहे।

# सागर शहर

आचरण

सागर, शनिवार 1 अप्रैल 2023 | 3


कार्यक्रम

## गर्ल्स कॉलेज में अल्प अवधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# स्वरोजगार के क्षेत्र में महिलाओं को आगे आना होगा: निधि

सागर आचरण

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में योजना क्रमांक 7851 के अन्तर्गत चलने वाले 15 दिवसीय (60 घण्टे) अल्प अवधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसमें हस्तशिल्प व बेकरी आइटम निर्माण का समापन, कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती निधि जैन, प्रबंध संपादक दैनिक आचरण रहीं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंदाकिनी पाण्डेय, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र सागर तथा डॉ. नीरज दुबे, संभागीय नोडल अधिकारी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ रहे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा सागर ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्जवलन व वंदना के द्वारा हुआ। 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेकरी आइटम की प्रशिक्षक श्रीमती कजली जैन व हस्तशिल्प आइटम की प्रशिक्षक श्रीमती सलमा खान तथा समन्वयक डॉ. सुनीता सिंह व डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी रही। मुख्य अतिथि श्रीमती निधि जैन ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि इस क्षेत्र में महिलाओं को आगे आना होगा। स्वरोजगार ऐसा क्षेत्र है जिसमें घर बैठे हम अपने घर के आर्थिक तन्त्र को सुदृढ़ करने में अपना योगदान दे सकते हैं। विशिष्ट



अतिथि श्रीमती मंदाकिनी पाण्डेय ने कहा कि हमें सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार स्थापित करना होगा, तभी हम आत्मनिर्भर बन सकेंगे। विशिष्ट अतिथि नीरज दुबे ने स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत की तथा इससे जुड़कर लाभान्वित होने के लिये प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुये प्रशिक्षण के महत्व को बताया तथा छात्राओं को भविष्य में इन प्रशिक्षणों का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं ने बेकरी आइटम में केक, कप केक, टॉफी, नॉन खटाई व बिस्कुट बनाने का तथा हस्तशिल्प के दौरान मोबाइल कवर, मनी पर्स, हैण्डबैग, ढोलकी बैग, ब्लाऊज किट, बनाने का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्राओं कि लग्न व रूचि प्रशंसनीय रही। अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि छात्राओं की अपनी समस्याओं के बीच अपनी प्रतिभा को पहचानना होगा ताकि उसे परिष्कृत कर अपना भविष्य बना सकें। फीड बैक वैशाली मुले ने मंच से अपने अनुभव बताये तथा प्रकोष्ठ के सहयोग की प्रशंसा की तथा भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की अपील भी की फीड बैर्क देते हुए आयुषी जैन ने कहा कि समय-समय पर प्रकोष्ठ द्वारा जैसे राखी, ब्यूटी टिप्स, इकोफ्रैंडली गणेश, फाइन आर्ट, वेस्ट मेटेरियल आर्ट सिखाने के साथ-साथ विभिन्न व्याख्यान (विषय विशेषज्ञों द्वारा) व क्विज भी आयोजित किये जाते है जो हमारी प्रतिभा को निखारने में सहायक होते है। साथ ही उत्तम प्रयास हेतु छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाता है। संचालन करते हुये सिमी मोदी ने कहा कि स्वरोजगार ही सुदृढ़ भविष्य की पहली सीढ़ी है अतः समस्त छात्राओं को इसमें भाग लेना चाहिये इसके अलावा भी 4 से 12 मार्च तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजत किये गये थे जिसमें ब्यूटी पिस, रेसिन आर्ट, मेकरम आइटम, ब्लाक प्रिंट की ट्रेनिंग दी गई। इस अवसर पर डॉ. रेणुवाला शर्मा, डॉ. पद्मा आचार्य, डॉ. एन.एस. ठाकुर, डॉ. ए.एच. अंसारी, डॉ. शक्ति जैम, डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. सरिता जैन, डॉ. रश्मि माथुर, डॉ अरविन्द बोहरे तथा समस्त महाविद्यालयीन परिवार व अधिक संख्या में छात्रायें उपस्थित रही।